REGIONAL INSTITUTE OF EDUCATION
CAPTAIN D.P.CHAUDHARY MARG
AJMER

लेखाशाखा

फा.स. 4–लेखा/विविध/2024–25/
दिनांक :– 22 APR 2024

सूचना

ITEP के अन्तर्गत B.Sc. B.Ed. II Semester तथा B.A. B.Ed. II Semester की फीस दिनांक 29.04.2024 से जमा की जानी है। इस सम्बन्ध में उक्त कक्षा के समस्त विद्यार्थियों को यह सूचित किया जाता है कि जिस प्रकार प्रथम सेमेस्टर की फीस विद्यार्थियों के द्वारा संस्थान खाते में आनलाईन जमा कराई गई थी, किसी भी स्थिति में इस प्रकार फीस जमा नहीं करवायें। फीस जमा कराने के लिए सबसे पहले अकादमिक शाखा से प्रवेश फार्म प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर तथा समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद ही फीस जमा करवायें तथा फीस जमा करने के बाद प्रवेश पत्र को लेखाशाखा कमरा संख्या 1 में आवश्यक रूप से जमा करवायें। फीस आनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यम से जमा कराई जा सकती है। फीस ऑफलाईन जमा कराने के लिए प्रवेश पत्र भरकर लेखाशाखा में फीस नगद भी जमा कराई जा सकती है। किसी भी स्थिति में संस्थान के खाते में फीस आनलाईन जमा नहीं करवायें, आनलाईन फीस जमा कराने के लिए "onlinesbi.sbi" लिंक पर जाकर विद्यार्थी स्वंय की स्कॉलर संख्या का प्रयोग करके ही फीस जमा करवायें तथा रसीद स्वंय के पास सुरक्षित रखें। स्कालर संख्या विद्यार्थी लेखाशाखा से प्राप्त कर सकते है। फीस आनलाईन जमा कराये जाने का लिंक संस्थान की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है विद्यार्थी वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक का उपयोग करके भी फीस आनलाईन जमा करा सकते है। आनलाईन फीस जमा कराये जाने के बाद लेखाशाखा के द्वारा कोई अलग से रसीद जारी नहीं की जाएगी। फीस जमा करने के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए लेखाशाखा में सम्पर्क किया जा सकता है। आनलाईन पोर्टल पर किसी भी विद्यार्थी के नाम में यदि कोई त्रुटि हो तो इसकी सूचना फीस जमा करने से पूर्व लेखाशाखा में देवें।

इसके अतिरिक्त बी.एस.सी.बी.एड़, बी.ए.बी.एड़ प्रथम सेमेस्टर, बी.ए.बी.एड़ तथा एम.एड़ प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के जिन विद्यार्थियों के द्वारा अभी तक लेखाशाखा में अपने बैंक खाते की जानकारी जमा नहीं कराई गई है उसकी सूचना दिनांक 12.05.2024 तथा लेखाशाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें। प्रथम सेमेस्टर के अधिकतर विद्यार्थियों के द्वारा अभी तक बैंक खाते की जानकारी लेखाशाखा में उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं, प्रथम सेमेस्टर के दौरान जमा कराई गई मैस अग्रिम की राशि का समायोजन करने पर बकाया राशि विद्यार्थियों को वापस लौटाई जानी है जो कि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में ही स्थानान्तरित की जाएगी अतः विद्यार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.05.2024 तक यह जानकारी लेखाशाखा में जमा करवायें।

22/04/2024

लेखाधिकारी
अनुभाग अधिकारी
Sec. Officer
क्षे. शि. सं. अजमेर
R. I. E. AJMER

प्रतिलिपि :–

1. सूचना पट्ट, अकादमिक, डीईएसएम, डीई, डीईई, डीईएसएसएच, क्षे.शि.सं., अजमेर।
2. अनुभाग अधिकारी (अकादमिक), क्षे.शि.सं., अजमेर।
3. अधिष्ठाता, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर।
4. सूचना पट्ट, समस्त छात्रावास, क्षे.शि.सं., अजमेर।
5. चीफ वार्ड़न, क्षे.शि.सं., अजमेर।
6. समस्त छात्रावास लिपिक, क्षे.शि.सं., अजमेर।